प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनाँक 11.11.2016 को उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 (एजेन्सी का नाम) के द्वारा ग्राम–सालरा तक बनाये जाने वाले प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से वन बीट अधिकारी, सान्द्रा रेंज, श्री राजेन्द्र सिंह रावत, सेक्शन अधिकारी, सान्द्रा रेंज, श्री गोविन्द लाल शाह, वनक्षेत्राधिकारी, सान्द्रा रेंज, श्री संजय सिंह बेलवाल, राजस्व विभाग की ओर से क्षेत्रीय पटवारी व प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री वी0के0जैन, अवर अभियन्ता के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है के चयन में आरक्षित वन क्षेत्र 3.21 हे0, नाप भूमि 1.05 हे0, सिविल सोयम भूमि 1.04 हे0, वन पंचायत भूमि शून्य हे0 की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 108 वृक्ष इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 01 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन बैनोल कक्ष सं0 8, 10, 11, 12, 13, 14 तथा शामी कक्ष सं0 1ए, 1बी, 2, 3 कक्षों से गुजरेगा/में स्थित है। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है ।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

अन्य आवश्यक विवरण .....

.....

अवर अभियन्ता (परि0) ग्रा0 वि0 उपखण्ड देहरादून/उत्तरकाशी	**उपखण्ड अधिकारी (परि0)** ग्रा0 वि0 उपखण्ड देहरादून/उत्तरकाशी	**अधिशासी अभियन्ता (परि0)** ग्रा0 वि0 खण्ड उपाकालि, देहरादून

प्रतिहस्ताक्षरित

(राजेन्द्र सिंह रावत) वन बीट अधिकारी सान्द्रा रेंज	**(गोविन्द लाल शाह)** सैक्शन अधिकारी सान्द्रा रेंज	**(संजय सिंह बेलवाल)** वन क्षेत्राधिकारी सान्द्रा रेंज	**उप वन संरक्षक** टौन्स वन प्रभाग, पुरोला

क्षेत्रीय पटवारी	**तहसीलदार/उपजिलाधिकारी**	**प्रतिहस्ताक्षरित**
		जिलाधिकारी, उत्तरकाशी

प्रतिहस्ताक्षर

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी